दैनिक जागरण संस्कारशाला अच्छाई की समझ

डिजिटल संस्कार

दैनिक जागरण

प्रौद्योगिकी का न करें दुरुपयोग, आभासी दुनिया का समझें महत्व

आज के समय में विद्यार्थियों को आभासी दुनिया का महत्व समझना होगा। वे प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग करने के बजाय उनका उपयोग करके ही भविष्य में सफल हो सकेंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े रहने के बाद भी विद्यार्थियों को समाज, विद्यालय और अनेक कार्यस्थलों में नियम व अनुशासन का पालन करना होगा। तभी वो अच्छे विद्यार्थी, युवा व नागरिक बन सकते हैं। ये बातें दैनिक जागरण के वार्षिक आयोजन संस्कारशाला के अंतर्गत कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर

कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित जागरण संस्कारशाला में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते वैभव सिंह राठौर ● जागरण

में आयोजित कार्यशाला में वक्ता वैभव सिंह राठौर ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कहीं।

उन्होंने विद्यार्थियों को क्रोध और भाषा दोनों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई गलती हो गई हो तो तुरंत माफी मांगने में

प्यार और समझदारी है समस्या का हल

संकोच नहीं होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जागरण की वेबसाइट पर डिजिटल संस्कार से संबंधित उपलब्ध कहानियों के बारे में अवगत कराया। वेदांक मिश्रा, इशिता त्रिपाठी सहित अन्य विद्यार्थियों ने वक्ता से प्रश्नों का संतोषजनक जवाब पाया। विभा द्विवेदी, नेहा थापर, सीमा सिंह, श्रुति खरे, मीनल राठौर, पूजा पाठक सहित करीब 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को डिजिटल संस्कार सीखना जरूरी

वर्तमान समय में निश्चित तौर पर इंटरनेट मीडिया का चलन बढ़ने से संवाद स्थापित करने में आसानी हुई है। वहीं, विद्यार्थी वर्ग अभी भी इंटरनेट मीडिया के डिजिटल संस्कार नहीं सीख पाए हैं। आज के समय में बच्चों को समय-समय पर प्रेरित करना जरूरी है। संस्कारशाला के इस सत्र का युवा दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वे इस संदेश को हमेशा याद रखेंगे।

भावना गुप्ता, प्रधानाचार्य सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर

टेक्नोलाजी के बारे में खुद के साथ घर के बड़े बुजुर्गों को भी अवगत कराना चाहिए ताकि वो भी समय के साथ तकनीक के बारे में जान सकें। मेरा मानना है कि इसका सदुपयोग युवाओं को सफल बना सकता है।

इशिता अरोड़ा, छात्रा

टेक्नोलाजी पर आज पूरी दुनिया टिकी हुई है। ये आज हर व्यक्ति की जरूरत बन चुकी है। संस्कारशाला के माध्यम से डिजिटल संस्कारों के बारे में पता चला। इससे मुझे काफी नई जानकारियां मिली हैं।

यशी पांडेय, छात्रा

इंटरनेट मीडिया को आगे बढ़ाने में टेक्नोलाजी का अहम रोल है। हम सभी को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए इसका सही उपयोग करना आना चाहिए। तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी।

अनुपमा कुशवाहा, छात्रा